हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 14 दिसंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 11. 0 डिग्री

कोसमंदा रेलवे फाटक बना आम लोगों के लिए परेशानी का सबब

4




## खबर संक्षेप

### भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा 22 को जांजगीर में



**जांजगीर-चांपा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगतप्रकाश नड्डा आगामी 22 दिसंबर को जांजगीर जिले के दौरे पर रहेंगे। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के सफलतापूर्वक दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जांजगीर स्थित पुलिस ग्राउंड, हेलीपेड खोखरा में एक भव्य जनसभा का आयोजन किया जा रहा है, जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा हजारों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं व आमजनों को संबोधित करेंगे। शनिवार को खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता नारायण चंदेल, जिला भाजपा अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, समीर शुक्ला, कोषाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह, आईटी सेल जिला संयोजक अनिल शर्मा एवं सोशल मीडिया जिला संयोजक गौरव तिवारी की मौजूदगी में हेलीपेड स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ सहित प्रशासनिक अधिकारियों की पूरी टीम मौके पर उपस्थित रही और सुरक्षा, यातायात व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

### कांस्टेबल भर्ती शिकायतों के निराकरण के लिए बना हेल्प डेस्क

**जांजगीर-चांपा।** कांस्टेबल भर्ती परिणामों से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण के लिए जिला जांजगीर -चाम्पा में हेल्पडेस्क की स्थापना की गई है। यह हेल्पडेस्क पुलिस अधीक्षक कार्यालय जांजगीर में 12 दिसम्बर से प्रारंभ हो गया है जो रविवार 14 दिसंबर तक संचालित रहेगा। हेल्पडेस्क दो शिफ्टों में संचालित होगा। प्रथम शिफ्ट में प्रातः 10:30 से 12:30 बजे तक शिकायतें प्राप्त करने एवं संबंधित भर्ती समितियों से जानकारी एकत्र करने का कार्य होगा। वहीं द्वितीय शिफ्ट में अपराह्न 3:30 से 5:30 बजे तक शिकायतकर्ताओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

### जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य के लिए आवेदन 29 तक

**जांजगीर-चांपा।** पंचायत संचालनालय अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत जिले में रिक्त संविदा पदों जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र पर भर्ती हेतु 29 दिसम्बर सायं 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित समय तक आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पिन 495668 के नाम से पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन केवल डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत दिशा-निर्देश जिले की वेबसाइट तथा जिला पंचायत के सूचना पटल से प्राप्त किए जा सकते हैं।

नवागढ़ विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चौराभांठा का मामला

# मध्यान्ह भोजन में खीर-पुड़ी खाने के बाद दो दर्जन बच्चे हुए फूड पाइजनिंग के शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चौराभांठा में मध्यान्ह भोजन करने के बाद बच्चे फूड पाईजनिंग के शिकार हो गए। स्कूल में शनिवार को खीर पुड़ी बनाई गई थी, जिसे खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ी। आनन फानन में बच्चों को सीएचसी नवागढ़ भेजा गया। अस्पताल में भर्ती कर 24 बच्चों का उपचार किया जा रहा है।

शासन द्वारा बच्चों को पौष्टिक आहार मुहैया कराने के उद्देश्य से शासकीय स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना चलाई जा रही है। बच्चों को गुणवत्तायुक्त भोजन दिलाने सरकार ने कई आदेश और निर्देश भी जारी किए है। बच्चों को ताजा और गुणवत्तायुक्त भोजन दिलाने शिक्षकों के साथ ही विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। भोजन की गुणवत्ता परखने के साथ ही प्रतिदिन चखकर बच्चों को भोजन दिलाने का भी नियम है, लेकिन इसकी अनदेखी हो रही है। यही वजह है कि कई जगहों से गुणवत्ताहीन भोजन परोसे जाने की शिकायत सामने आते रहती है। ऐसा ही एक मामला शनिवार 13 दिसंबर को नवागढ़ विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चौराभांठा से सामने आया। स्कूल में शनिवार को 52 विद्यार्थी पहुंचे थे। मध्यान्ह भोजन में यहां खीर और पुड़ी परोसी गई, जिसे खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगडने लगी। किसी के पेट में दर्द तो किसी को उल्टी शुरू हो गई। कई बच्चों के गले में खराश और बैचेनी की शिकायत आई। बड़ी संख्या में बच्चों को आई परेशानी से स्कूल में अफरा तफरी मच गई। शिक्षकों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। आनन फानन में बच्चों को नवागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। अस्पताल में बच्चो का परीक्षण करने के बाद 24 बच्चों को उपचार के लिए भर्ती किया गयाा। हालांकि सभी बच्चों की स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने बच्चों के साथ ही शिक्षकों का बयान लिया। वहीं मध्यान्ह भोजन का सेंपल भी लिया गया है। सेंपल की तकनीकी टीम द्वारा जांच कराई जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि शुरूआती जांच में पुड़ी के आटे में गड़बड़ी की बात सामने आ रही है।



बच्चों का बयान लेते अधिकारी

### समूह को हटाया, प्रधान पाठक को नोटिस

चौराभांठा स्कूल में मध्यान्ह भोजन खाने के बाद बच्चों को हुए फूड प्राईजनिंग के मामले में प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। वहीं मध्यान्ह भोजन का संचालन करने वाली महिला स्व सहायता समूह को कार्य से पृथक करने का आदेश जारी कर दिया गया है। घटना सामने आने के बाद कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने अधिकारियों को जांच के लिए मौके पर भेजा। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिन्हा, एसडीएम जांजगीर सुब्रत प्रधान, थाना प्रभारी और खाद्य निरीक्षक द्वारा विद्यालय एवं मध्यान्ह भोजन स्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही खाद्य सामग्री का नमूना लेकर जांच प्रारंभ कर दी गई है। एसडीएम जांजगीर द्वारा आदेश जारी कर राहुल महिला स्व सहायता समूह चौराभांठा को मध्यान्ह भोजन संचालन कार्य से पृथक कर दिया गया है। वहीं स्कूल के प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

### लिया गया सेंपल

बच्चों को तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया। सभी बच्चों की स्थिति सामान्य है। एहतियातन 4 बच्चों को चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। खाद्य सामग्री के सेंपल की जांच तकनीकी टीम ने प्रारंभ कर दी है। समूह को काम से हटा दिया गया है। प्रधान पाठक को नोटिस दी गई है।

-अशोक सिन्हा
डीईओ, जांजगीर चांपा

# किसानों की बढ़ी परेशानी तो बढ़ाई धान खरीदी की लिमिट

## अब प्रतिदिन 1 लाख 90 हजार क्विंटल की होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जिले में तेज हो चुकी है। इसके साथ ही धान खरीदी की लिमिट ने किसानों को हलाकान कर रखा है। किसानों की परेशानी को देखते हुए कुछ संगठनों ने प्रदर्शन भी किया। वहीं किसानों की ओर से लगातार लिमिट बढ़ाए जाने की मांग की जा रही थी। इसे देखते हुए जिला प्रशासन ने लिमिट बढ़ाने का प्रस्ताव शासन स्तर पर भेजा था जिसे मंजूरी मिल गई है। अब जिले में प्रतिदिन 1 लाख 90 हजार क्विंटल धान की खरीदी होगी।

गौरतलब है कि कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिला में किसान बडे पैमाने पर धान का उत्पादन करते है। किसान समर्थन मूल्य पर धान बेचकर अपना जीविकोपार्जन करते है। जिले में धान की बंफर खरीदी होती है। इस बार भी जिले में किसानों का धान खरीदने के लिए 129 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत 15 नवंबर से की गई है। जिले में सामान्यतः दिसंबर की शुरूआत में धान खरीदी के कार्य में तेजी आती है। सप्ताह भर पहले तक जिले में 6 उपार्जन केन्द्र में बोहनी नहीं हो सकी थी। जिले के 124 केन्द्र में 4 लाख 57 हजार 455 क्विंटल धान किसानों ने बेचा था। वहीं अब लगातार किसानों की भीड़ केन्द्रों में पहुंच रही है, लेकिन लिमिट कम होने के कारण किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जिले में धान खरीदी की कुल लिमिट 1 लाख क्विंटल प्रतिदिन की होने के कारण किसानों को परेशानी आ रही थी। केन्द्र में प्रभारी भी लिमिट के कारण टोकन नहीं काट पा रहे थे। ऐसे में लगातार किसानों की ओर से धान खरीदी की लिमिट बढाने की मांग की जा रही थी। विधायक ब्यास कश्यप ने भी किसानों की मांग से कलेक्टर को अवगत कराते हुए लिमिट बढ़ाने की मांग की। वहीं आम आदमी पार्टी ने भी इस मुद्दे को लेकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया था। किसानों की परेशानी को देखते हुए जिला प्रशासन ने भी राज्य स्तर पर लिमिट बढ़ाने का प्रस्ताव भेजा था जिसे मंजूरी मिल गई है। अब जिले में प्रतिदिन 90 हजार क्विंटल अधिक धान की खरीदी की जाएगी। इस तरह धान खरीदी की लिमिट अब 1 लाख क्विंटल से बढ़कर 1 लाख 90 हजार क्विंटल हो गई है। जिले में 13 दिसंबर तक 9 लाख 79 हजार 237 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इस तरह सप्ताह भर के भीतर ही 5 लाख 21 हजार 782 क्विंटल धान किसानों ने बेचा है। अब लिमिट बढने के बाद धान खरीदी में और भी तेजी आएगी।



### किसान अब कभी भी कटा सकेंगे आनलाइन टोकन

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के नोडल अधिकारी अमित साहू ने बताया कि जिले में धान खरीदी की लिमिट बढ़ाकर 1 लाख 90 हजार क्विंटल प्रतिदिन कर दी गई है। इसके साथ ही किसान अब कभी भी आनलाइन टोकन कटा सकेंगे। शासन की ओर से तूहर टोकन ऐप को अब 24×7 खोल दिया गया है। अब मोबाइल एप से टोकन काटने के लिए किसी निर्धारित समय की बाध्यता नहीं रहेगी। किसान दिन-रात किसी भी समय अपनी सुविधा के अनुसार टोकन बुक कर सकेंगे। किसानों को धान विक्रय की योजना बनाने और टोकन प्राप्त करने में पर्याप्त समय मिलेगा तथा भीड़ और तकनीकी दबाव की समस्या से राहत मिलेगी।

# पकरिया में धर्मांतरण का प्रयास, 6 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

ग्राम पकरिया में प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मांतरण का प्रयास करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बजरंग दल की सूचना पर पहुंची अकलतरा पुलिस ने कार्रवाई की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पकरिया लटिया में शनिवार 13 दिसंबर को प्रार्थना सभा के नाम पर लोगों को एकत्र कर धर्मांतरण करने का प्रयास किए जाने की सूचना मिलने पर ग्रामवासी बड़ी संख्या में प्रार्थना सभा स्थल पहुंचे एवं हंगामा करने लगे। कुछ लोगों ने इसकी सूचना बजरंग दल के जिला सयोजक राकेश शर्मा, ईश्वर साहू, छोटू कश्यप एवं दीपक पटेल को दी। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पुलिस को घटना से अवगत कराया। सूचना पर अकलतरा थाना प्रभारी भास्कर शर्मा मौके पर पहुंचे एवं उपस्थित लोगों से बातचीत करने के बाद संतोष कुमार कैवर्त पिता बुधराम कैवर्त उम्र 45 वर्ष गाम पकरिया थाना अकलतरा, श्याम लाल देवांगन पिता बिदुर राम देवांगन उम्र 55 वर्ष दादर बाजार के पास कोरबा जिला कोरबा ,प्रकाश बरेठ पिता रामकिशन बरेठ उम्र 30 वर्ष रामपुर कोरबा जिला कोरबा , शिव सहिस पिता अमृत लाल सहिस उम्र 42 वर्ष ग्राम किरारी थाना अकलतरा ,श्याम विश्वकर्मा पिता लाल सिंह उम्र 40 वर्ष बरपाली चौकी नैला थाना जांजगीर एवं परमानंद खाण्डे पिता दवास खाण्डे उम्र 46 वर्ष वार्ड 15 अकलतरा को मौके से गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी के खिलाफ धारा 107(16 )एवं 151 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। फिलहाल गांव में स्थिति शांत बनी हुई है, लेकिन पुलिस द्वारा एहतियातन निगरानी रखी जा रही है। प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण करा रहे लोगों को पकड़वाने में पुष्पराज सेंगर, अंकित शुक्ला, अभय शुक्ला, मनीष धीवर, संतोष यादव, पुनी राम, सुनील नायक, मानस यादव, दक्ष सिदार, गोलू मरकाम का योगदान रहा।



### 31 तक चलेगा सघन कुष्ठ खोज अभियान, 12 सौ टीम करेगी सर्वे

**जांजगीर-चांपा।** जिले में 31 दिसम्बर तक सघन कुष्ठ खोज अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में कुष्ठ रोग के उन्मूलन के उद्देश्य से समुदाय में कुष्ठ रोग के संक्रमण को रोकने हेतु प्रत्येक रोगियों का प्रारंभिक अवस्था में पहचान कर उपचार से लाभान्वित करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. उमेश कुमार मरकाम ने बताया कि सर्वेक्षण कार्य - प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 घरों में तथा शहरी क्षेत्रों में 20 से 25 घरों में, संधारण प्रपत्र-1, घर की बाहरी दीवार पर गेरु से टिक का निशान लगाया जाएगा एवं एल व दिनांक लिखा जाएगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्कर्ष तिवारी ने राज्य स्तर पर ब्लॉक - अकलतरा 212, बलौदा 195, बम्हनीडीह 254, नवागढ़ 295, पामगढ़ 201 एवं जांजगीर शहरी में 43, कुल -1200 सर्वे टीम सघन कुष्ठ खोज अभियान एल.सी.डी.सी. में घर-घर जाकर कुष्ठ संभावित व्यक्तियों का सर्वेक्षण किये जाने की जानकारी दी। एन.एम.ए. के.के. थवाईत ने बताया कि शासन का लक्ष्य प्रति 10 हजार की आबादी में 1 या 1 से कम नए कुष्ठ रोगी पाये जाने का लक्ष्य हैं। जिसके लिए सघन कुष्ठ खोज अभियान चलाया जाएगा।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

बलौदा क्षेत्र के जर्वे फायरिंग रेंज में दिया जा रहा प्रशिक्षण

# निशानेबाजी की क्षमता बढ़ाने शुरू हुआ पुलिस का वार्षिक अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले के पुलिस जवानों की निशानेबाजी क्षमता, आत्मविश्वास एवं हथियार संचालन कौशल को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वार्षिक फायरिंग अभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। यह अभ्यास बलौदा क्षेत्रांतर्गत स्थित जर्वे फायरिंग रेंज में 12 दिसंबर से प्रारंभ किया गया है।

जिले के विभिन्न थाना एवं इकाइयों के पुलिस अधिकारी एवं जवानों को आधुनिक हथियारों के सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग के लिए इन दिनों विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बलौदा क्षेत्र के फायरिंग रेंज में वार्षिक फायरिंग अभ्यास कराया जा रहा है। अभ्यास के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन किया जा रहा है तथा वरिष्ठ अधिकारियों की सतत निगरानी में प्रशिक्षण संचालित है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल के आत्मविश्वास को बढ़ाना और निशानेबाजी क्षमता को विकसित करते हुए आपाताकालीन परिस्थितियों से निपटने जवानों को तैयार करना है। रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी ने पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, सतर्कता एवं निरंतर अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस बल को किसी भी आपात एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थिति से निपटने के लिए मानसिक एवं व्यावहारिक रूप से सक्षम बनाते हैं। जिससे कानून व्यवस्था बनाए रखने में और मजबूती मिलेगी।



फायरिंग रेंज में अभ्यास करते पुलिस जवान।

## खबर संक्षेप

### गुरू पर्व में शामिल होंगे उद्योग मंत्री



**कोरबा।** बाबा गुरू घासीदास की 269 जयंती समारोह का आयोजन 17 से 19 दिसंबर तक सतनाम प्रागंण टीपी नगर में आयोजित किया गया है। 18 दिसंबर को उद्योग, वाणिज्य, सार्वजनिक उपक्रम, आबकारी एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन शाम 4 बजे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### ललित सुरजन को भाकपा ने किया याद



**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव कामरेड पवन कुमार वर्मा, सहसचिव कामरेड अनुप कुमार सिंह, सहसचिव कामरेड धर्मा राव, कोषाध्यक्ष कामरेड धर्मेंद्र तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि 2 दिसंबर 2020 को ललित सुरजन हम सबको छोड़कर चले गए, परंतु उन्होंने पत्रकारिता, साहित्य और जन आंदोलन को अपना मुख्य औजार की तरह इस्तेमाल किया। श्री सुरजन ने अपने लेखनी के माध्यम से समाज के निम्न वर्गों सहित पीड़ितों की आवाज उठाते रहे और संघर्ष कर उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास करते रहे। उन्होंने पत्रकारिता की अच्छाई जगाई। देश और प्रदेश की पत्रकारिता के संबंध में प्रदेश में वे प्रगतिशील लेखक संघ, छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य सम्मेलन, विश्व शांति एवं एकजुटता जैसे संगठनों का पर्याय बने रहे। पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में उन्होंने कई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया और सम्मानजनक जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई। आज उन्हें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद की तरफ से उनके पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि दी।

### मद्य निषेध दिवस पर जिले में आयोजित होंगी नशामुक्ति संबंधी विभिन्न कार्यक्रम

**कोरबा।** बाबा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर को प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मद्य निषेध दिवस का जिला स्तरीय आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न विभागों के सहयोग से नशामुक्ति संबंधी अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में गठित भारत माता वाहिनी के माध्यम से नशामुक्ति कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रसारित दिशा-निर्देशों तथा शपथ कार्यक्रम का आयोजन कर नागरिकों को नशा त्याग के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही नशामुक्ति साहित्य का वितरण कर जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाई जाएगी। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेरक स्लोगन, जन-जागरूकता संदेश एवं चित्रों का व्यापक प्रसार किया जाएगा। नशा एवं एड्स प्रभावित क्षेत्रों में विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। विद्यार्थियों के बीच नशापान के दुष्परिणामों पर आधारित विभिन्न गतिविधियाँ और कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### विशेष सप्ताह का आयोजन 19 तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती के अवसर पर समाज कल्याण विभाग अंतर्गत 25 वर्षों की यात्रा को प्रदर्शित करते हुए 12 से 19 दिसम्बर तक विशेष सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान तिथिवार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसके अंतर्गत 15 दिसम्बर को साईन लैंग्वेज डे के रूप में शासकीय /अशासकीय संस्थाओ में दिव्यांग बच्चों हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेल-कूद, ड्राइंग, पेंटिग का आयोजन किया जाना है। इस हेतु अधीक्षक उमंग दिव्यांग विद्यालय, प्राचार्य इनरव्हील एजुकेशन सोसायटी एवं प्राचार्य अंकुर स्पेशल स्कूल मुड़ापार कोरबा को उक्त दिवसों में तिथिवार गतिविधियां आयोजित करने निर्देशित किया गया है।

### धान खरीदी केंद्र में ट्रैक्टर के नीचे आकर किसान की मौत

कुसमी। शुक्रवार को बिक्री के लिए धान लेकर खरीदी केंद्र पहुंचे किसान की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। किसान ट्रैक्टर से धान की गिरी हुई बोरियों को उठाने के लिए नीचे उतारा था और ट्रैक्टर बैक होने से वह कुचल गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम केदली निवासी 65 वर्षीय हरिमोहन एक्का आ. अगनू एक्का 12 दिसम्बर को ट्रैक्टर से धान लेकर कुसमी धान खरीदी केंद्र पहुंचा था। इस दौरान उसके ट्रैक्टर ट्राली से धान की बोरियां नीचे गिर गई जिसे उठाने के लिए किसान वाहन से नीचे उतरा और ट्रैक्टर व ट्राली के बीच में खड़ा था। इसी दौरान ट्रैक्टर के बैक होने से ग्रामीण वाहन के नीचे दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है।

# महापौर ने 127 हितग्राहियों को प्रदान किया आवासगृह स्वीकृति व भवन अनुज्ञा पत्र

## वर्तमान में 2 हजार 232 हितग्राहियों का स्वीकृत हुआ आवास गृह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

महापौर ने निगम कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 मोर जमीन-मोरी मकान बीएलसी घटक के 127 हितग्राहियों को आवास स्वीकृति पत्र एवं भवन निर्माण अनुमति पत्र प्रदान किया। महापौर श्रीमती राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने हितग्राहियों को शुभकामनाएं दी तथा समय सीमा में मकानों का निर्माण कार्य प्रारंभ कर निर्माण कार्य पूर्ण करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत मोर जमीन-मोर मकान बीएलसी घटक अंतर्गत नगर निगम क्षेत्रांतर्गत वर्तमान में 2232 नए हितग्राहियों को आवासगृहों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभा कक्ष में महापौर ने 127 हितग्राहियों को आवासगृहों के स्वीकृति पत्र व भवन निर्माण अनुज्ञा पत्र प्रदान किया। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने उपस्थित हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोग मकान का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करें। समय सीमा में मकान का निर्माण करा लें ताकि मुख्यमंत्री गृह प्रवेश योजना के अंतर्गत 32 हजार 850 रूपये की मिलने वाली अतिरिक्त राशि भी आपको प्राप्त हो सके। आयुक्त श्री पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 की समग्र जानकारी भी हितग्राहियों को दी तथा उनसे कहा कि निगम प्रशासन की ओर से सभी हितग्राहियों को पूरा सहयोग मिलेगा, आपको समय पर किश्त राशि का भुगतान प्राप्त हो, यह सुनिश्चित कराया जाएगा।

**खास बातें**

- पीएम आवास योजना 2.0 मोर जमीन मोर मकान के तहत प्रदान की गई स्वीकृति पत्र




## रोजगार, मुआवजा व बसाहट को लेकर खोला मोर्चा

# नरईबोध के ग्रामीणों ने भठोरा फेस को बंद कर किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की खदानों से प्रभावित ग्राम नराईबोध के ग्रामीणों ने रोजगार, मुआवजा, पुनर्वास सहित अन्य मांगों को लेकर खदान के भठोरा फेस को बंद कर धरना प्रदर्शन किया। सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक भूविस्थापितों का आंदोलन जारी रहा। आखिरकार प्रबंधन द्वारा 18 दिसंबर को त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित कर मांगों के निराकरण का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद प्रभावित ग्रामीणों ने अपना आंदोलन समाप्त कर दिया।

**खास बातें**

- लगभग 5 घंटे तक जारी रहा धरना प्रदर्शन
- उत्खनन व परिवहन कार्य रहा बाधित



धरना प्रदर्शन करते ग्रामीण।

एसईसीएल गेवरा खदान से प्रभावित ग्राम नरईबोध के भूविस्थापितों ने रोजगार, पुनर्वास, मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर मोर्चा खोल दिया। शुक्रवार की सुबह भूविस्थापित भठोरा फेस पहुंचे और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का अरोप है कि एसईसीएल परियोजना के कारण उनकी पैतृक भूमि और आजीविका प्रभावित हुई है, लेकिन प्रबंधन द्वारा पुनर्वास मुआवजा और प्रभावित परिवारों को रोजगार देने के वादे लंबे समय से पूरे नहीं किए जा रहे हैं। अपनी मांगों की अनदेखी से निराश होकर ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण तरीके से खदानों के संचालन को रोककर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रभावित ग्रामीणों के खदान बंदी आंदोलन के कारण कोयला उत्पादन और परिवहन बाधित रहा। आंदोलन की गंभीरता और ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए एसईसीएल प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। जिसके बाद अधिकारियों ने ग्रामीणों से लंबी चर्चा की और उनकी मांगों के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया। एसईसीएल प्रबंधन ने ग्रामीणों की समस्याओं पर विचार करने के लिए 18 दिसंबर को एक त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित करने का आश्वासन दिया है। उक्त वार्ता में एसईसीएल प्रबंधन प्रभावित ग्रामीण प्रतिनिधि और जिला प्रशासन के अधिकारियों के शामिल होंगे।

**आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त**

एसईसीएल प्रबंधन के ठोस आश्वासन और आगामी त्रिपक्षीय वार्ता की तारीख मिलने के बाद ग्रामीणों ने दोपहर 2 बजे अपना आंदोलन समाप्त कर दिया और खदान का संचालन फिर से शुरू हो सका। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि 18 दिसंबर की बैठक में उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं का स्थायी और संतोषजनक समाधान निकलेगा।

# कसरेंगा राइस मिल से नदी में छोड़ा जा रहा केमिकल युक्त जहरीला पानी



नदी में समाहित होता केमिकल युक्त पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढेलवाडीह

कटघोरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ढपढप के आश्रित ग्राम कसरेंगा में राइस मिल संचालित हैं। इससे केमिकल युक्त जहरीला गन्दा पानी अहिरन नदी व खेतों में छोड़ा जा रहा हैं। जिसको लेकर अरदा मंडल कांग्रेस पार्टी ने मोर्चा खोल दिया हैं। कांग्रेस मंडल उपाध्यक्ष दिनेश आदिले ने कहा ग्राम कसरेंगा में राइस मिल से केमिकल युक्त जहरीला गन्दा पानी अहिरन नदी में छोड़ने से त्वचा रोग होने खतरा बना हुआ हैं। कसरेंगा, घनाकछार, जटांगपुर, जमनीमुड़ा, तेलसरा, छिरहुट सहित आसपास के ग्रामीणों अहिरन नदी पर हि निस्तारी करते हैं। लेकिन कसरेंगा राइस मिल के निकलने वाले केमिकल युक्त प्रदूषित पानी के वजह से लोगों कें त्वचा संबंधित बीमारियां हो रही है। यदि समय रहते केमिकल युक्त पानी का विस्थापन बंद नहीं हुआ तो त्वचा रोग की बीमारी सबको अपनी जद में ले लेगा। प्रदूषित पानी खेतों में भी जा रहा है। इस कारण जमीन की उपजाऊ क्षमता लगातार कम हो रही है। आसपास क्षेत्रों में संक्रमण बीमारी होने की आशंका भी बढ़ गई है। राइस मिल संचालक की लापरवाही का नतीजा है जो गंदे पानी को मिल में स्टॉक करने की कोई व्यवस्था नहीं कि है ।

# बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

- एक गंभीर रूप से घायल, चालक हुआ फरार

शुक्रवार की देर शाम बस व बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। पुलिस द्वारा इस मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम मोतीनगर निवासी 18 वर्षीय सुशील कुमार नगेसिया आ. कुंवर साय नगेसिया, 19 वर्षीय उसपाल आ. स्व. चांगुल नगेसिया व 16 वर्षीय संजू आ. सहजू नगेसिया पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 30 एफ 1944 से किसी काम से कुसमी बाजार आए हुए थे और शाम लगभग 6 बजे वे वापस लौट रहे थे। इस दौरान बगीचा से कुसमी के बीच चलने वाली शमीम बस क्रमांक सीजी 14 जी 0136 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चालते हुए जनपद पंचायत कार्यालय के समक्ष सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही बाइक सवार सुशील नगेसिया और उसपाल नगेसिया की मौत हो गई जबकि संजू नगेसिया गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक बस को छोड़कर मौके से फरार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी कुसमी विरासत कुजूर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा मृतकों की शिनाख्त करने के साथ ही घटना की सूचना परिजन को दी गई। इस घटना के बाद मृतकों के परिजन सदमे में है। फिलहाल पुलिस द्वारा शवों को मर्च्युरी में रखवाने के साथ ही मामले में मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है जबकि घायल संजू नगेसिया को चेहरे और सिर में गंभीर चोट के कारण मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया है। थाना प्रभारी विरासत कुजूर ने बताया कि मामले में बस को जब्त किया गया है और चालक की तलाश जारी है। शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया जाएगा।

### शराब के नशे में धुत युवक ने खाया जहर, मौत

**कोरबा।** एक युवक विगत दिनों शराब के नशे में धुत्त होकर अपने घर पहुंचा और शराब को लेकर पत्नी से कहा सुनी होने के बाद घर में रखे कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। जब युवक की तबीयत बिगड़ी तो परिजनों ने आनन फानन में उसे उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया। जो पिछले दस दिनों से भर्ती होकर इलाज करा रहा था। उपचार के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कल्मीटीकरा निवासी राजेश कुमार राठिया 27 वर्ष पिता प्यारेलाल राठिया आदतन शराबी था। आये दिन शराब के कारण पति-पत्नी में अक्सर वाद विवाद कि स्थिति निर्मित होती थी बताया जाता है कि 2 दिसंबर को राजेश शराब के नशे में धुत्त होकर अपने घर पहुंचा था और पत्नी से वाद विवाद होने के बाद घर में रखे किसी कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया था। जब परिजनों को इसकी भनक हुई तो तत्काल उसे गंभीरावस्था में उपचार के लिए जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया था जहां इलाज के दौरान 12 दिसंबर की देर शाम उसकी मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## कड़ाके की ठंड में लोगों को राहत देने का प्रयास

# सद्भाव पत्रकार संघ ने चौराहों पर की अलाव की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

पिछले कुछ दिनों से तापमान में गिरावट है और शीतलहर चल रही है, जिससे जनजीवन अस्त- व्यस्त हो चला है। सांझ ढलते ही ठंड व कोहरा काफी बढ़ जा रहा है, इससे लोगों का घरो से निकलना मुश्किल हो जा रहा है। इस कंपकंपा देने वाली सर्दी को देखते हुए सद्भाव पत्रकार संघ छत्तीसगढ़ के सदस्यों ने मिलकर नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न चौक- चौराहों पर अलाव की व्यवस्था उपलब्ध करायी है। जहां राहगीर, मजदूर, बुजुर्ग और अन्य जरूरतमंद लोग अलाव के पास बैठकर गर्माहट लेते देखे गए।

इस पहल को लेकर संघ के सदस्यों ने कहा कि अचानक बढ़ी ठंड के कारण



स्थानीय लोग, दुकानदार, श्रमिक, यात्री और आवागमन करने वाले लोग अत्यधिक कठिनाई का सामना करते देखे गए। ऐसी स्थिति में मानवता के नाते अलाव की व्यवस्था करना आवश्यक था। इस प्रकार की व्यवस्था नगर प्रशासन की जिम्मेदारी होती है। भीषण ठंड के कहर से लोगों की जान तक चली जाती है, ऐसे में अलाव आम लोगों के लिए जीवनरक्षक की भूमिका निभाती है। नगर में लोगों को अलाव की व्यवस्था नही मिल पायी है। जिसके चलते खासकर बुजुर्ग, मजदूर वर्ग और रात्रि में बाहर रहने वाले लोग ठिठुरने को मजबूर थे। साथ ही देर रात बस स्टैंड में यात्रियों को ठंड के चलते काफी परेशानी होती है। इस हालात को देखते हुए पत्रकार संघ ने आगे बढ़कर यह कदम उठाया है और सार्वजनिक जगहों पर अलाव व्यवस्था की गई है। इससे चौक- चौराहों से गुजर रहे लोगों तथा यात्रियों को काफी राहत मिल रही है। बता दें कि बढ़ी ठंड व शीतलहर के बीच स्वयं के स्वास्थ्य व नींद, आराम की परवाह किये बगैर कर्मयोगी सुबह- सुबह नियमित रूप व अपने निर्धारित समय पर समाचार पत्र का वितरण कर रहे है।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलैब, फार्मेसी, ई.सी.जी., ई.ई.जी., इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, दरबीनी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# ‘ना तो कारवां की तलाश’ नया नहीं, 1960 का पुराना गाना है

**मुंबई।** फिल्ममेकर आदित्य धर की फिल्म ‘धुरंधर’ का जादू हर तरफ छाया हुआ है, जिसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल लीड रोल्स में हैं। फिल्म को दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है और यही नहीं, फिल्म की बाकी बातों की तरह इसके गानों को भी उतना ही पसंद किया जा रहा है। लोग सबसे ज्यादा तो रणवीर सिंह के एंट्री सॉन्ग ‘ना तो कारवां की तलाश है’ की बात कर रहे हैं। इस गाने पर खूब रील्स भी कट रहे हैं। धुरंधर में रणवीर सिंह की एंट्री पर बजने वाला गाना 1960 की हिंदी क्लासिक फिल्म ‘बरसात की रात’ का कव्वाली सॉन्ग ‘ना तो कारवां की तलाश है’ है। इस फिल्म का निर्देशन पी. एल. संतोषी ने किया था और इसमें भरत भूषण और मधुबाला लीड रोल्स में थे।

## लाइफ Style



# ऋचा चाहती थीं काम करना, शरीर और मन नहीं था तैयार

ऋचा चड्ढा आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म ‘फुकरे 3’ और पिछले साल आई वेब सीरीज ‘हीरामंडी: द डायमंड बाजार’ में दिखाई दीं। पिछले साल जुलाई में ही उन्होंने बेबी गर्ल को जन्म दिया. तबसे उन्होंने काम नहीं किया और बेबी के साथ ही वक्त बिता रही हैं। अब उन्होंने एक भावुक नोट शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऋचा चड्ढा ने मां बनने के बाद अपने जीवन में आए इमोशनल, फिजिकल और प्रोफेशनल चैलेंजेस के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने लगभग दो साल बाद काम पर लौटने की अपनी जर्नी को भी साझा किया है। उन्होंने ईमानदारी और बेबाकी के मैटरनिटी और एंटरटेमनेंट की दुनिया की सच्चाइयों को बिना किसी लाग-लपेट के सामने रखा है। ऋचा चड्ढा अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ-साथ नोट भी लिखा है। उन्होंने नोट में काम पर लौटने की मुश्किलों का जिक्र किया है। उन्होंने माना कि भले ही वह जल्दी लौटना चाहती थीं, लेकिन उनका शरीर और मन इसके लिए तैयार नहीं था। उन्होंने बच्चे के जन्म के बाद मानसिक रूप से धीरे-धीरे और जटिल तरीके से उबरने की बात कही। ऋचा चड्ढा ने यह भी बताया कि एक नई मां को खुद को फिर से खोजने के लिए किस तरह के सपोर्ट सिस्टम की जरूरत होती है। ऋचा ने इस संवेदनशील दौर में अपने पेशेवर जीवन में झेली गई तकलीफों का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री में विश्वासघात और नैतिकता की कमी को लेकर खुलकर बात की। ऋचा चड्ढा का पोस्ट सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हस्तियों, खासकर नई मांओं पर कंटेंट बनाने के दबाव की भी आलोचना करता है।

## हॉलीवुड मसाला



# स्ट्रीट फाइटर का पहला लुक आया सामने

**लॉस एंजिल्स।** विद्युत जामवाल फिल्म ‘स्ट्रीट फाइटर’से हॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। अब फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है। अपने फर्स्ट लुक में विद्युत बाल्ड लुक में काफी दमदार नजर आ रहे हैं। उनका ये लुक रिवील होते ही सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है। लोकप्रिय वीडियो गेम पर आधारित फिल्म ‘स्ट्रीट फाइटर’में विद्युत जामवाल योगी धल्सिम की भूमिका में नजर आएंगे। अब उनका पहला लुक सामने आया है। इस लुक में विद्युत बाल्ड (गंजे) नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक में विद्युत मार्शल आर्ट की एक पोजिशन में नजर आ रहे हैं। वो हाथों, पैरों, गले और कानों में अजीब से भारी आभूषण पहने हुए हैं। सिर और चेहरे पर लाल रंग से लाइनें भी बनी हुई हैं।



# एक्शन अंदाज में नजर आईं मिली एल्कॉक

**लॉस एंजिल्स।** डीसी स्टूडियोज की नई फिल्म ‘सुपरगर्ल’ अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म का टीजर-ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। एक्शन से भरपूर इस टीजर ने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। टीजर-ट्रेलर की शुरुआत एक आम टीनएज लड़की से होती है, जिसकी जिंदगी काफी अस्त-व्यस्त है। लेकिन, परिस्थिति कुछ ऐसी बनती हैं कि उसे अपनी सुपरपावर का इस्तेमाल करना पड़ता है, बुरे लोगों से दुनिया को बचाना पड़ता है। इस काम में उसकी मदद एक अनजान लड़की भी करती है। फिल्म ‘सुपरगर्ल’ को क्रेग गिलेस्पी ने निर्देशित किया है। फिल्म के टीजर-ट्रेलर के साथ मेकर्स ने रिलीज डेट भी शेयर की है। अगले साल यह फिल्म रिलीज होगी। इस रिलीज की तारीख जून 2026 है। फिल्म ‘सुपरगर्ल’ में भी ‘सुपरमैन’ के लेवल का एक्शन और वीएफएक्स देखने को मिल रहा है। विलेन भी काफी खूंखार नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड स्कोर भी एक्शन सीन्स पर परफेक्ट बैठ रहा है।




# बॉर्डर 2 का टीजर 16 दिसंबर को होगा रिलीज

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर ‘बॉर्डर 2’ का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म के टीजर रिलीज को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल ‘बॉर्डर 2’ का टीजर 16 दिसंबर को विजय दिवस के मौके पर रिलीज किया जाएगा। टीजर की रिलीज डेट घोषित करते हुए मेकर्स की ओर से फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया गया है। इस पोस्टर में फिल्म के चारों नायक सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। अलग-अलग जारी किए गए किरदारों के पोस्टर्स के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह पैदा हो गया है। अब मेकर्स ने एक साथ चारों किरदारों की झलक दिखाई है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह और भी बढ़ गया है।




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के चौथे सीजन का आया ट्रेलर

**मुंबई।** ओटीटी की लोकप्रिय महिला-केंद्रित सीरीज ‘फोर मोर शॉट्स प्लीज’ एक बार फिर अपने दर्शकों से मुखातिब होने को तैयार है। चौथा और फाइनल सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इसे देखकर साफ हो जाता है कि इस बार कहानी सिर्फ ग्लैमरस नाइट-लाइफ, रिश्तों और दिल टूटने तक सीमित नहीं रहने वाली, बल्कि इस बार बात पर्सनल लड़ाइयों तक जा पहुंची है। इस बार ट्रेलर में काफी कुछ खास देखने को मिलेगा। अमेजन प्राइम वीडियो पर 19 दिसंबर को स्ट्रीम होने वाली इस सीरीज में सिद्धि, उमंग, दामिनी और अंजना अपने जीवन के उस मोड़ पर खड़ी नजर आती हैं, जहां उन्हें यह स्वीकार करना पड़ता है कि अब बदलाव जरूरी है। ट्रेलर में चारों दोस्त खुद को सुधारने के लिए छह महीनों की चुनौती लेती दिखती हैं।

## टीवी मसाला



# केबीसी में 25 लाख रुपए के सवाल पर गोल्ड मेडलिस्ट ने भी मानी हार

**नई दिल्ली।** ‘कौन बनेगा करोड़पति 17’ के एक एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट शीतल के साथ हुई जो कृषि विज्ञान से जुड़े फील्ड में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्होंने बिग बी द्वारा पूछे गए शुरुआती दस सवालों का बड़े अच्छी से जवाब दिया और सुपर संदूक राउंड में 8 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ‘ऑडियंस पोल’ जिंदा कर दी है। अमिताभ बच्चन ने कंटेस्टेंट शीतल से कंटेस्टेंट 12.50 लाख रुपए के 12वें सवाल फंस गई थीं। हालांकि, उन्होंने अपनी बची दोनों लाइफलाइन 50-50 और संकेत सूचक का इस्तेमाल किया और जोखिम उठाते खेल जारी रखा। बिग बी ने कंटेस्टेंट से सवाल पूछा, ‘टेस्ट शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन हैं, जो टेस्ट टीम की पहली कप्तान भी थीं?’ विकल्प हैं- ए. डायना एडुल्जी, बी. शांता रंगस्वामी, सी. नीतू डेविड, डी. शुभांगी कुलकर्णी। कंटेस्टेंट ने रिस्क उठाते हुए विकल्प बी. शांता रंगस्वामी को चुना, जो सही है। बिग बी ने फिर कंटेस्टेंट से 25 लाख रुपए का 13वां सवाल पूछा, ‘आइसैक न्यूटन ने 1687 में अपनी रचना, ‘प्राकृतिक दर्शन के गणितयी सिद्धांत’किस भाषा में प्रकाशित की थी?‘ विकल्प हैं- ए. यूनानी, बी. फ्रेंच, सी. लैटिन, डी. अंग्रेजी। कंटेस्टेंट शीतल ने इस सवाल पर गेम क्विट कर दिया और 12.50 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। इस सवाल का सही जवाब है- लैटिन।

## ‘क्योंकि सास’ में होगी नए चेहरे की एंट्री

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में अब शो में एक नए चेहरे की एंट्री होने जा रही है। शो में छह साल के लीप की बात भी बरखा बिष्ट ने कंफर्म की है। शो में नए चेहरे और 6 साल के लीप के बाद फैंस को बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो शो में संदीप बसवान की एंट्री हो सकती है। संदीप की एंट्री शो में साहिल वीरानी के रूप में होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, संदीप बसवान शो में नए ट्विस्ट और टर्न लेकर आएंगे। संदीप बसवान शो के पहले सीजन का भी हिस्सा थे। सीजन 2 में उनके रिटर्न को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। हालांकि, मेकर्स या संदीप की तरफ से इस बात का कोई कंफर्मेशन नहीं आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में लीप के बाद अंगद और वृंदा का पेरेंटहुड दिखाया जाएगा। दोनों के दो बच्चे दिखाए जाएंगे। वहीं, मिहिर और तुलसी के बीच दूरी भी देखने को मिलेगी। शो का जो नया प्रोमो आया है उसमें दिखाया गया कि तुलसी अंगद और वृंदा के साथ चॉल में रह रही होगी।



# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक ओटीटी पर रिलीज हुआ एंटरटेनमेंट का सुपरडोज

**नई दिल्ली।** दिसंबर का दूसरा शुक्रवार ओटीटी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। साल के आखिर में जहां प्लेटफॉर्म्स अपनी सबसे मजबूत लाइनअप सामने ला रहे हैं, वहीं 12 दिसंबर को एक ही दिन में पांच दमदार रिलीज ने वीकेंड को पहले से एक्साइटेड बना दिया है। नेटफ्लिक्स से लेकर जी 5 और जियो हॉटस्टार तक- हर प्लैटफॉर्म ने ऐसा कंटेंट पेश किया है जो मनोरंजन के अलग-अलग टेस्ट को पूरा करता है। सस्पेंस, कॉमेडी, फैमिली ड्रामा, इमोशन्स और रोमांच- इस बार की लिस्ट में सबकुछ देखने को मिल रहा है।



### वेक अप डेड मैन: ए नाइव्स आउट मिस्ट्री

डेनियल क्रेग की वापसी के साथ नाइव्स आउट सीरीज का नया अध्याय दर्शकों में रोमांच भरने के लिए तैयार है। यह कहानी एक ऐसे धार्मिक समुदाय में होने वाली हत्या के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो पहली नजर में भले ही शांत दिखे, लेकिन भीतर कई रहस्यों को छिपाए बैठा है। जासूस बेनोइट ब्लांक इस बार एक युवा पादरी के साथ मिलकर उस पहेली को सुलझाने निकलता है जो असंभव लगती है। अनोखे किरदार, तनाव और चौंका देने वाले मोड़ों के कारण यह फिल्म मिस्ट्री प्रेमियों के लिए परफेक्ट वॉच है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

### कांता

1950 के दशक का मद्रास, बदलते सामाजिक ढांचे का दौर और उसके बीच पैदा हुआ रचनात्मक तनाव- ‘कांता’ अपनी पृष्ठभूमि और प्रस्तुति के कारण एक अलग ही दुनिया में ले जाती है। दुलकर सलमान, राणा दग्गुबाती और समर्थ कलाकारों की टोली इस पीरियड मिस्ट्री को ऊंचाई देती है। फिल्म उद्योग की प्रतिस्पर्धा से शुरू होने वाली कहानी जल्द ही एक स्याह मोड़ लेती है जब हत्या की गुत्थी खुलती है। विंटेज अंदाज और रहस्य का मिश्रण इसे विशेष बनाता है।

### सिंगल पापा

हल्की-फुल्की कॉमेडी और इमोशनल टच चाहने वालों के लिए यह नई सीरीज काफी अच्छी साबित होने वाली है। कुणाल खेमू एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका में हैं, जिसकी जिंदगी तलाक के बाद अचानक करवट लेती है- जब वह एक बच्चे को गोद ले लेता है। बेपरवाह और बचकाने स्वभाव वाला गौरव गेहलोत जब पेरेंटिंग की जिम्मेदारियों में घिरता है, तो परिवार की प्रतिक्रियाएं और हालात मजेदार भी बनते हैं और भावुक भी। रिश्तों, जिम्मेदारियों और नए आरंभ की यह कहानी दिल को छूने वाली है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है।

# कुछ हद तक हंसाती है कपिल की फिल्म ‘किस किसको प्यार करूं 2’



**नई दिल्ली।** सोचिए अगर एक ही आदमी मोहन, महमूद, माइकल और मंजीत चार किरदार निभाए, चार धर्मों में अलग-अलग बीवियां रखे तो उसका हश्र क्या होगा? बस इतनी कहानी है फिल्म ‘किस किसको प्यार करूं 2’ की। फिल्म की शुरुआत होती है भोपाल शहर के रहने वाले मोहन शर्मा (कपिल शर्मा) से जो सानिया (वरीना) से बेहद प्यार करता है। सानिया से शादी करने के चक्कर में मोहन के सामने ऐसी-ऐसी सिचुएशन आती है कि उसे रूही (आयशा खान), मीरा (त्रिधा चौधरी) और जेनी (पारुल गुलाटी) से भी शादी करनी पड़ जाती है। अब अंत में मोहन अपना असली प्यार कैसे पाता है? यह आपको फिल्म देखकर पता चलेगा।

### कैसा है अभिनय ?

कपिल शर्मा कॉमेडी तो कर सकते हैं पर एक्टिंग में सिर्फ कॉमेडी नहीं करनी होती, यह उन्हें समझना होगा। हालांकि, उनका काम पहले से बेहतर है पर रोमांटिक गानों और इमोशनल सीन में वो फीके लगते हैं। हां, कॉमिक टाइमिंग और पंच मारने में उन्हें कोई टक्कर नहीं दे सकता। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि उन्होंने यह फिल्म अपने कंधों पर संभाली है। चार हीरोइन वाली इस फिल्म में आयशा और त्रिधा का काम अच्छा है। पारुल कहीं-कहीं फीकी रहीं। वरीना के तो एक्सप्रेश पूरी फिल्म में गायब ही रहे। मनजोत ने इस फिल्म को बखूबी संभाला है। अखिलेंद्र मिश्रा और विपिन शर्मा जैसे मंझे हुए कलाकार भी इस फिल्म के संभालते हैं। सुशांत का रोल छोटा है पर उनका काम ठीक है। असरानी के कुल चार सीन हैं और उन्हें देखकर अच्छा लगता है। पूरी फिल्म में जैमी लीवर की ओवरएक्टिंग और एक ही टोन इरिटेट करती है।

### क्या बेहतर?

यह फिल्म चार धर्मों की बात करती है पर कहीं भी ऐसा डायलॉग या सीन नहीं है जो किसी धर्म को आहत करे। यह कमाल राइटर का है। फिल्म में कपिल शर्मा, मनजोत सिंह, विपिन शर्मा, अखलेंद्र मिश्रा जैसे कलाकार आपको हंसाते हैं। कुछ पंच और कुछ सीन अच्छे बन पड़े हैं। एक गाना छोड़ दें तो परिवार के साथ इस फिल्म के देख सकते है। फिल्म के लास्ट सीन में आपके लिए एक सरप्राइज है, जो अच्छा है।

## 100वीं फिल्म ‘श्री राघवेंद्र’ थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया

# जब बस कंडक्टर को हुआ एमबीबीएस स्टूडेंट से प्यार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 1975 में जब सिनेमाघरों में कल्ट फिल्म शोले रिलीज हुई थी। ठीक उसी दिन 15 अगस्त 1975 को भारतीय सिनेमा में एक ऐसे शख्स ने कदम रखा था, जो इससे पहले बस कंडक्टर का काम करता था। उस वक्त किसी को नहीं पता था कि आगे चलकर ये एक्टर हिंदी सिनेमा का सबसे बड़ा सुपरस्टार रजनीकांत बन जाएगा।

### मराठी परिवार में हुआ जन्म

रजनीकांत का जन्म 12 दिसंबर 1950 को एक मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस हेड कांस्टेबल थे। फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले रजनी का नाम शिवाजी राव गायकवाड़ था। रजनी जब महज चार वर्ष के थे तब उनके सिर से मां का साया हट गया। घर की आर्थिक स्थिति खराब थी। इस वजह से रजनीकांत को बचपन में कई संघर्षों से गुजरना पड़ा।

### के. बालचंद्र ने पहचानी रजनी की प्रतिभा

एक्टिंग सीखने के दौरान ही रजनीकांत की मुलाकात दिग्गज फिल्म निर्देशक के. बालचंद्र से हुई। के. बालचंद्र ही वो निर्देशक हैं, जिन्होंने रजनीकांत की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें पहली बार अपनी फिल्म में मौका दिया। के. बालचंद्र ने ही शिवाजी राव गायकवाड़ को रजनीकांत नाम दिया। रजनीकांत का नामकरण 27 मार्च 1975 को होली के मौके पर हुआ था और दिन था गुरुवार। जिसे रजनीकांत अपने लिए शुभ मानते थे।



### पहली फिल्म में निभाई निगेटिव भूमिका

*रजनीकांत ने साल 1975 में आई फिल्म ‘अपूर्व रागंगल’ से फिल्मी दुनिया में कदम रखा। यह फिल्म 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई थी, जिस दिन हिंदी सिनेमा की कल्ट फिल्म शोले भी रिलीज हुई थी। उस वक्त रजनीकांत की उम्र 25 वर्ष थी। डेब्यू फिल्म में वे एक छोटी सी निगेटिव भूमिका में दिखाई दिए। कुछ वक्त तक इसी तरह के रोल किए। इसके बाद उनके पास लीड रोल का ऑफर आना शुरू हो गया और देखते ही देखते वे इस कदर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए कि आज फैंस उन्हें भगवान का दर्जा देते हैं। फिल्मी दुनिया में रजनीकांत का क्या कद है, यह दुनिया जानती है।*

### अमिताभ बच्चन के साथ की बॉलीवुड में शुरुआत

दक्षिण सिनेमा में कॅरियर शुरू करने के करीब आठ साल बाद रजनीकांत ने बॉलीवुड का रुख किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म ‘अंधा कानून’ थी। साल 1983 में रिलीज हुई इस फिल्म में रजनीकांत ने हेमा मालिनी, अमिताभ बच्चन, प्राण, अमरीश पुरी और डैनी डेंगजोंग्पा जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त रही। इसने बजट से करीब चार गुना अधिक कारोबार किया है।

### फिल्मों में आने से पहले थे बस कंडक्टर

फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत का जीवन काफी संघर्षमय था। फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत एक कुली और बस कंडक्टर रह चुके हैं। उन्होंने ऑफिस बॉय के रूप में भी नौकरी की। हालांकि, बस कंडक्टर रहते हुए रजनी के टिकट बेचने का तरीका काफी स्टाइलिश था, जिसकी वजह से वो यात्रियों और बस ड्राइवर्स व कंडक्टरों में काफी मशहूर भी थे।

### निम्मी के प्यार में थे ‘थलाइवा’

हीरो बनने से पहले जब रजनीकांत बस कंडक्टर थे, उस वक्त वो एक लड़की के प्यार में थे। लड़की का नाम निर्मला था, लेकिन रजनीकांत उन्हें प्यार से निम्मी बुलाते थे। रजनीकांत ने अपनी बायोग्राफी ‘द नेम इज रजनीकांत’में इस किस्से का जिक्र किया है। रजनीकांत आज जो भी हैं, वो निम्मी की वजह से ही हैं। निर्मला एमबीबीएस की स्टूडेंट थीं। रजनीकांत अक्सर उनसे मिलते थे। निम्मी ने ही रजनीकांत को अभिनय कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित किया था। रजनीकांत, निम्मी के साथ शादी के सपने देखने लगे थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

### 10 साल में कर डालीं 100 फिल्में

रजनीकांत के कॅरियर की गाड़ी चल पड़ी तो उनके पास फिल्मों के भी खूब ऑफर आने लगे। इस बात का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि अपने कॅरियर के 10 वर्षों में उन्होंने 100 फिल्में पूरी कर डालीं। अभिनेता की 100वीं फिल्म ‘श्री राघवेंद्र’ थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया।

## खबर संक्षेप

### डीपीएस की रूषिका और राशिका को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान




**चांपा।** हिंदी विकास संस्थान नई दिल्ली द्वारा आयोजित होने वाले राष्ट्रभाषा हिंदी ओलंपियाड परीक्षा-2025 में 'दिल्ली पब्लिक स्कूल के 35 विद्यार्थियों ने परचम लहराया है। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में डी.पी.एस. विद्यालय के 100 विद्यार्थियों की सहभागिता ने उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस उपलब्धि को ऐतिहासिक आयाम प्रदान करते हुए कक्षा तीसरी की दो मेधावी छात्राएं- रूषिका देवांगन पुत्री राजकिशोर देवांगन एवं रशिका अग्रवाल पुत्री नीरज अग्रवाल ने विद्यालय का नाम राष्ट्रीय पटल पर रोशन किया है। डीपीएस की इन दोनों ही छात्राओं को दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किए जाने का गौरव प्राप्त होगा। वहीं विद्यालय के 14 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, 13 विद्यार्थियों को रजत पदक और 8 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को कांस्य पदक के साथ सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन समिति ने सभी विजेता विद्यार्थियों, मार्गदर्शक शिक्षकों एवं उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं प्रेषित की।

### लायंस क्लब का निःशुल्क निःसंतान दंपत्ति जांच शिविर आज

**चांपा।** स्थानीय समाज सेवी संस्था लायंस क्लब चांपा एवं आर. एल. हॉस्पिटल रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में रविवार 14 दिसम्बर को प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक लायंस इंग्लिश स्कूल में निःशुल्क निःसंतान दंपत्ति जांच शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में हॉस्पिटल की प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया अग्रवाल द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की जायेंगी। शिविर का लाभ उठाने के लिए आने वाले मरीज को अपनी पुरानी जांच रिपोर्ट साथ लाना आवश्यक है। यह जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी एवं सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने नगर तथा आस-पास के लोगों से शिविर का अधिकाधिक लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम आज

**बिर्रा।** धरम ब्लड बैंक चांपा के तत्वाधान में ग्राम पंचायत बिर्रा में आर्य बाल कल्याण समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के प्रांगण में रविवार 14 दिसंबर को सुबह 10 बजे से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम में 18 वर्ष से अधिक आयु के युवक एवं युवतियों का निशुल्क रक्त समूह एवं हीमोग्लोबिन का जांच किया जाएगा। यह शिविर सीक्लिंग, थैलेसीमिया एवं ब्लड कैंसर से पीड़ित लोगों के लिए खासकर आयोजित रखा गया है। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं यातायात जागरूकता कार्यक्रम में रक्तदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है ।

### आचार्य चाणक्य सभागर में स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर आज

**बिर्रा।** प्रथम हॉस्पिटल मल्टीस्पेशलिटी बिलासपुर के द्वारा निशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का आयोजन रविवार 14 दिसंबर को सुबह 11 बजे से आचार्य चाणक्य सभागार भवन बिर्रा में रखा गया है। निशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर में डॉक्टर रजनीश कुमार पांडे ,डॉक्टर एस के धर ,डॉक्टर लक्ष्मी नारायण मिश्रा, डॉक्टर वैभव कौशिक, डॉक्टर अंबिकेश पांडे के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। शिविर संयोजक मनोज कुमार तिवारी ने शिविर में आसपास के मरीजों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर स्वास्थ्य लाभ लेने उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### खरीदी केन्द्रों में लिमिट बढ़ाने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बेल्हाडीह-लवसरा।** धान खरीदी केन्द्रो में लगातार किसानों की समस्या को देखते हुए भाजपा युवा नेता आकाश साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन दे कर जिला के सभी धान खरीदी केन्द्रो में लिमिट बढ़ाने का आग्रह किया।

## निधन

### अय्यूब अली



अकलतरा। नगर के वार्ड नंबर-7 जवाहर पारा के प्रतिष्ठित नागरिक अय्यूब अली (खालू) का शनिवार 13 दिसंबर को निधन हो गया। उन्हें अकलतरा कब्रिस्तान में दोपहर 2 बजे सुपुर्द-ए खाक किया गया। वे झल्लू भाई, बबलू भाई, असलम अली के पिता थे।

### संतोष तिवारी



**बिलासपुर।** बोड़सरा जांजगीर वाले संतोष कुमार तिवारी (72) पिता स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद तिवारी का शनिवार 12 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा सरकंडा के बंधवापारा स्थित निवास से निकाली गई और देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम में किया गया। स्व. तिवारी रविन्द्र तिवारी के बड़े भाई और धीरज तिवारी, चंद्रहास तिवारी, धनिष्ठा पाण्डेय के पिता थे।

फाटक बंद होने के बाद दोनों ओर लगी रहती है वाहनों की कतार

# कोसमंदा रेलवे फाटक बना आम लोगों के लिए परेशानी का सबब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसमंदा

ग्राम कोसमंदा स्थित रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। यहां ट्रेनों के लगातार आवाजाही के चलते दिनभर में कई बार फाटक बंद होना आम बात हो गया है। फाटक बंद होने के बाद यहां दोनों ओर वाहनों की कतारें लग जाती है। वहीं कई वाहन चालक जल्दी जाने नियमों को ताक में रखकर फाटक बंद करने के दौरान रेलवे क्रॉसिंग पार करने की कोशिश करते हैं। फाटक बंद होने के चलते इस मार्ग से आवागमन करने वाले वाहन चालकों को गंतव्य स्थान तक पहुंचने में अतिरिक्त समय लग जाता है।

ग्राम कोसमंदा स्थित रेलवे फाटक बार-बार बंद होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। दोनों तरफ वाहन चालक रेलवे फाटक खुलने के लिए इंतजार करते खड़े रहते हैं। इस मार्ग पर बड़ी संख्या में लोगों के साथ मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर, कार एवं स्कूल बस वाहनों का आना-जाना लगा रहता है। कई बार तो लोग फाटक बंद होने के बावजूद भी फाटक क्रॉस करने को मजबूर है। वाहन झुकाकर क्रॉस करते हुए कई लोगों को देखा जाता है। कभी भी जल्दीबाजी के चक्कर में दुर्घटना होने की संभावना बना रहता है। कई बाइक चालक झुकाकर अपना वाहन क्रॉस कर लेते हैं परंतु सामान लोड होने पर वे क्रॉस नहीं कर पाते। इधर बड़े वाहन ट्रैक्टर, कार, बस , एम्बुलेंस सहित विभिन्न वाहनों को अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले यहां फाटक खुलने का इंतजार करते खड़े रहना पड़ता है। रेलवे कर्मचारी नियम कानून का हवाला देते हुए जब तक सिग्नल नहीं मिल जाता तब तक गेट नहीं खोलने की बात कहते है। चाहे कितने भी समय क्यों न लग जाए। कई बार तो रेलवे फाटक से लगा हुआ ट्रेन खड़ा रहता है और वाहन चालक फाटक खुलने का इंतजार करते रहते हे। बार-बार फाटक बंद होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सर्वाधिक परेशानी तब होती है जब किसी मरीज की तबियत ज्यादा खराब हो जाता है। उन्हें तत्काल उपचार के लिए हॉस्पिटल ले जाते समय फाटक बंद मिलता है। इस मार्ग पर आने जाने वाले लोगों की संख्या अधिक है, बावजूद इसके ओवरब्रिज या अंडरब्रिज निर्माण को लेकर किसी तरह का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में रेलवे फाटक के बंद होने से वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कई वाहन चालक नियमों को ताक में रखकर फाटक बंद करने के दौरान भी रेलवे क्रॉसिंग पार करने की कोशिश करते हैं। इससे हादसे की संभावना बनी रहती है। फाटक पर ओव्हरब्रिज या अंडर ब्रिज बनने से इस मार्ग से होकर आवागमन करने वाले वाहन चालकों को छुटकारा मिलेगा और फाटक बंद होने पर उन्हें घंटो खड़े होकर फाटक खुलने का इंतजार भी नहीं करना पड़ेगा।



फाटक खुलने का इंतजार करते वाहन चालक।


भुगतान प्राप्त करने अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र पहुंचे हितग्राही।

# हितग्राहियों को बैंक जाने की परेशानी से मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- ग्रामीण अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से कुछ ही मिनटों में प्राप्त कर रहे भुगतान

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत राशि अब स्थापित अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के माध्यम से हितग्राहियों तक तेज़ी और सुविधा के साथ पहुंच रही है। गांव में ही उपलब्ध इस डिजिटल केंद्र ने हितग्राहियों को बैंक जाने की परेशानी से पूरी तरह मुक्त कर दिया है।

योजना की राशि सीधे बैंक खाते में आने के बाद हितग्राही केंद्र से कुछ ही मिनटों में अपना भुगतान प्राप्त कर रहे हैं और उसी राशि का उपयोग कर वे निर्माण सामग्री जैसेकृसीमेंट, सरिया, ईंट, रेत आदि खरीदकर अपने आवास निर्माण कार्य को गति दे रहे हैं। ग्राम बनारी के हितग्राहियों ने बताया कि गांव में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र ने न केवल समय और खर्च दोनों की बचत कर ग्रामीणों को राहत दी है, बल्कि डिजिटल भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाकर गांव में पारदर्शिता और विश्वास को भी बढ़ाया है। ग्राम बनारी के मनरेगा मजदूर कुमारी सिदार और लक्ष्मण बरेठ ने बताया कि गांव में डिजिटल भुगतान व्यवस्था से बैंक जाने की समस्या लगभग समाप्त हो गई है। डिजिटल क्रांति का लाभ अब बनारी जैसे गांवों में भी स्पष्ट है। प्रमाण पत्रों की ऑनलाइन सुविधा, पेंशन, आवास, मनरेगा जैसी योजनाओं की राशि का त्वरित भुगतान, बैंकिंग, बिल भुगतान और योजना की स्थिति की जानकारी अब गांव में ही मिल जाती है। राम बाई, संतोष सूर्यवंशी और डिजिटल केंद्र संचालक गौरव बताते हैं कि पहले बैंक जाने में पूरा दिन खराब हो जाता था, अब गांव में ही आसानी से कार्य हो जाता है।

## न्योता भोज का हुआ आयोजन, बच्चों को बांटा गया स्वेटर और कॉपी-पेन



**बलौदा।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय बाजार पारा बलौदा में न्यौता भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को दाल ,चावल ,खीर, पुरी ,फल, मिठाई के साथ-साथ ठंड से बचने हेतु स्वेटर एवं काफी पेन सभी बच्चों को प्रदान किया गया। जिसमें स्वेटर की व्यवस्था संस्था के प्रधान पाठिका श्रीमती सीमा लहरे द्वारा किया गया एवं कॉपी पेन की व्यवस्था संस्था के एसएमसी अध्यक्ष शिवाजी अग्रवाल एवं शिक्षक अमजद मोमीन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। न्यौता भोज के समस्त खाद्य सामग्री की व्यवस्था मध्यान भोजन संचालन करने वाली स्व सहायता समूह द्वारा किया गया था। उनके द्वारा सभी बच्चों को स्वादिष्ट खीर, पूरी, फल, मिठाई एवं दाल भात परोसा गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन रूपनारायण देवांगन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में योगेंद्र बंजारे संकुल समन्वयक कन्या बलौदा, पारस चंद्रा संकुल समन्वयक बालक बलौदा, राम सिंह क्षत्रिय वार्ड पार्षद, शिवाजी अग्रवाल एसएमसी अध्यक्ष, सीमा लहरे प्रधान पाठिका,अजय कटकवार एसएमसी सदस्य, दिलीप लहरे, शिवा बाजपेई,अमजद मोमीन,हरनारायण पटेल, लाखन साहू उपस्थित थे।

## कर्म मार्ग से नहीं, भक्ति मार्ग से होती है मुक्ति : युगल शरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- ब्रज गोपिका सेवा मिशन की प्रवचन के 14वें दिन ब्यास आचार्य ने उपनिषद व गीता के श्लोक के माध्यम से दी जानकारी

ब्रज गोपिका सेवा मिशन के तत्वावधान में आयोजित 21 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला के 14वें दिन स्वामी युगल शरण ने कर्म मार्ग की गहन और तात्त्विक व्याख्या करते हुए श्रद्धालुओं को स्पष्ट किया कि केवल कर्म-धर्म के सहारे जीव न तो माया से मुक्त हो सकता है और न ही उसे भगवत्प्राप्ति संभव है।

ब्यास आचार्य युगल शरण ने उपनिषदों और गीता के श्लोकों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि कर्म यदि भक्ति से रहित है तो वह बंधन का कारण बनता है। उन्होंने मुण्डकोपनिषद् का उद्धरण देते हुए कहा कि स्वयं आध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने अनुभव किया है कि कर्म करने से अधिकतम स्वर्ग की प्राप्ति होती है, किंतु उससे ब्रह्म की प्राप्ति नहीं हो सकती। कर्म को उन्होंने कमजोर नाव के समान बताया, जिस पर सवार होकर भवसागर पार नहीं किया जा सकता। कर्मकांड की जटिलताओं को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि नित्य, नैमित्तिक, काम्य और प्रायश्चित कर्म कठोर नियमों से बंधे हैं, जिनमें देश, काल, द्रव्य, कर्ता, मंत्र और विधि की शुद्धता अनिवार्य है। कलियुग में इन सभी शर्तों का पूर्ण पालन असंभव होने के कारण कर्मकांड से अपेक्षित फल मिलना भी दुर्लभ है। स्वामी युगल शरण ने कहा कि कर्मकांड से प्राप्त स्वर्ग भी स्थायी नहीं है। वहां भौतिक सुख तो इस लोक से कई गुना अधिक होता है, किंतु माया का बंधन समाप्त नहीं होता। पुण्य क्षीण होने पर जीव को पुनः अधोगति में जाना पड़ता है। इसी कारण भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कर्म-धर्म के जाल में न फँसने की शिक्षा देते हुए 'सर्वधर्मान परित्यज्य मामेकं शरणं व्रज' का उपदेश दिया। प्रवचन के दौरान स्वामी युगल शरण ने कर्म, विकर्म, कर्मयोग और कर्मसंन्यास का अंतर भी विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि विकर्म वह स्थिति है जिसमें न तो शास्त्रीय कर्म का पालन होता है और न ही भगवान की भक्ति, ऐसे कर्म नरकगामी होते हैं। वहीं कर्मयोग में व्यक्ति शरीर से कर्म करता है, लेकिन मन को भगवान में स्थिर रखता है। इसी मनोयोग के कारण कर्मयोगी को भगवत्कृपा प्राप्त होती है और माया निवृत्ति संभव होती है। कर्मसंन्यासी भी पूर्णतः भक्ति में स्थित होकर भगवत्प्राप्ति करता है। युगल शरण ने यह भी चेताया कि कर्मयोगी की बाहरी नकल करने से व्यक्ति कर्मी बन सकता है, किंतु कर्म संन्यासी की नकल करने से विकर्मी बनने का खतरा रहता है। उन्होंने कहा कि कर्मी भी महापुरुषों की कृपा से कर्मयोगी बन सकता है, क्योंकि कर्म के साथ भक्ति जुड़ जाए तो वही कर्म साधना बन जाता है। प्रवचन के अंत में स्वामी युगल शरण ने शारीरिक या वर्णाश्रम धर्म और आध्यात्मिक धर्म का अंतर स्पष्ट करते हुए कहा कि मनुष्य को यह शरीर केवल सांसारिक धर्म निभाने के लिए नहीं मिला है, बल्कि आत्मा के धर्म भगवत भक्ति के लिए मिला है। आध्यात्मिक धर्म को अपनाने से जीवन का परम लक्ष्य सिद्ध होता है। प्रवचन को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाते आचार्य युगल शरण।

## प्रधान पाठक एवं शिक्षिका को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शासकीय कन्या टाउन पूर्व माध्यमिक विद्यालय चांपा में लंबे समय से सेवा दे रहे प्रधान पाठक श्रीमती अपरा दीवान एवं श्रीमती नम्रता दुबे शिक्षक एल बी को सम्मान में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया।

श्रीमती अपरा दीवान ने पिछले 15 वर्षों तक विद्यालय को अपनी समर्पित सेवा प्रदान की, जिसके दौरान उन्होंने छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समारोह की अध्यक्षता कृष्ण कुमार देवांगन शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने की। कार्यक्रम में एम डी दीवान पूर्व विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी का भव्य अभिनन्दन किया गया। उन्होंने कहा मुझे इस विद्यालय से विशेष लगाव, सम्बन्ध है हमारा परिवार के जैसे सम्बन्ध है। श्रीमती अपरा दीवान व एम डी दीवान एवं श्रीमती नम्रता दुबे को उनके अतुलनीय योगदान के लिए स्मृति चिन्ह, शॉल और सम्मान पत्र प्रदान किया गया। छात्रों ने कविता पाठ, नृत्य और गीतों के माध्यम से उनका स्वागत किया, जबकि शिक्षक साथीयों ने उनके मार्गदर्शन की सराहना की। श्रीमती अपरा दीवान ने अपने विदाई भाषण में कहा यह विद्यालय मेरे लिए परिवार के समान रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेन्द्र जायसवाल राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक, शिवकुमार जायसवाल शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, रविंद्र राठौर सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष, राजीयनयन शुक्ला, रामाधार यादव,सत्यभामा जायसवाल रागिनी चतुर्वेदी, नागेश देवांगन भूषण देवांगन राधा देवांगन उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र जायसवाल राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक ने किया और आभार प्रदर्शन रविंद्र राठौर ने किया।



## समूह करमा नृत्य में पं. हरिशंकर शिक्षा महाविद्यालय को मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन ऑडिटोरियम में किया गया। समूह नृत्य करमा में पं. हरिशंकर शिक्षा महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025-26 प्रतियोगिता का आयोजन जिला प्रशासन एवं खेल युवा कल्याण विभाग के द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2025-26 जिला जांजगीर के आडिटोरियम में आयोजित किया गया था। जिसमें पं. हरिशंकर शिक्षा महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने समूह नृत्य करमा में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। साथ ही इनका चयन राज्य स्तर के लिए हो गया है। आगामी दिनों में राज्य स्तर की प्रतियोगिता में सम्मिलित होगें। इस करमा दल के सदस्यों में दीपिका बाई, अनिता भगत, अंजली मिंज, तीजमति राठिया, महेन्द्री टोप्पो, अल्पना लकड़ा, नेहा भगत, किरण पैकरा, पूजा राठिया, विकास कुमार ने प्रस्तुति दिया। महाविद्यालय के संचालक डा. आर.सी. पाण्डेय एवं संस्था के प्रभारी प्राचार्य एन.के. चतुर्वेदी, डॉ. जितेन्द्र कुमार तिवारी, संतोष कुमार साव, शशी कान्त मिश्रा, अमृता श्रीवास एवं विजय देवांगन एवं संस्था की सांस्कृतिक प्रभारी सुश्री पूनम यादव एवं समूह दल के प्रभारी श्रीमती उषा देवांगन ने हर्ष व्यक्त किया।



अतिथि के हाथों पुरस्कार प्राप्त करते प्रतिभागी छात्राएं।

## नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत के जन्मदिवस पर किया गया कंबल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री के 13 दिसंबर को जन्म दिवस के अवसर पर उनके मंशानुरूप कांग्रेसी नेताओं द्वारा शासकीय बिसाहू दास महंत अस्पताल में मरीजों को कंबल का वितरण किया गया।

छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने अपील की थी कि मेरे पारिवारिक एवं मित्रों के अचानक देवलोक गमन हो जाने से मन उदास है, मुझसे मिलकर शुभकामनाएं देने के बजाय किसी जरूरतमंदों को मदद कर दी जाए या एक पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण करने की कोशिश करें और वहीं से सभी के खुशी के लिए ईश्वर से प्रार्थना करें। उनके इसी भावना के अनुरूप शहर के कांग्रेसी नेताओं ने बिसाहू दास महंत शासकीय चिकित्सालय में मरीजों एवं उपस्थित परिजनों को ठंड के मौसम में जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पूर्व पार्षद नागेंद्र गुप्ता के सौजन्य से शहर कांग्रेस द्वारा कंबल का वितरण किया गया एवं डॉ महंत को शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष सुनील साधवानी, जिला प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता, पूर्व आयोग सदस्य विष्णु विश्वकर्मा, चाम्पा ब्लॉक के मंडल अध्यक्ष अनिल मोदी, राज सरोज, जिला उपाध्यक्ष उमेश तिवारी, किशन सोनी,नेता प्रतिपक्ष हरीश पांडेय, पार्षद ललित देवांगन,तमिन्द्र देवांगन, पवन साहू, पुरषोत्तम देवांगन, पवन आर्य, गिरधर देवांगन, राजेश्वर मिश्रा, श्रीमती रामबाई स्वर्णकार, पूर्व पार्षद डुग्गु प्रधान,गोविन्द देवांगन, अनिता प्रकाश, गोविंदा वैष्णव, इकबाल अंसारी, जफर अंसारी, राकेश जोशी, परदेशी केंवट, विष्णु गाड़ा सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।


शासकीय बिसाहूदास महंत अस्पताल में मरीजों को कंबल वितरण करते कांग्रेस नेतागण।




